खुल जायेंगी किताबें

खुल जायेंगी किताबें,
जब भी हिसाब होगा,
इंसाफ का तराज़ू,
येशु के हाथ होगा॥

जो भी तू कर रहा है,
येशु वो देखता है,
हर पल जो तुझको मिलता,
देना हिसाब होगा,
इंसाफ का तराज़ू,
येशु के हाथ होगा...

आजा अभी भी मुड़कर,
येशु बुला रहा है,
वर्ना ये याद कर ले,
तेरा ही नाश होगा,
इंसाफ का तराज़ू,
येशु के हाथ होगा....

कदमों में उसके रो ले,
तौबा गुनाह से कर ले,
प्यार मसीह ने दिया,
माफी तू आज ले ले,
इंसाफ का तराज़ू,
येशु के हाथ होगा.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25201/title/khul-jayengi-kitaabe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |